# अध्याय - 4

## शब्द विचार

हिन्दी में शब्द का निर्माण कई तरह से होता है । इनमें मुख्य साधन हैं – उपसर्ग, प्रत्यय, सन्धि, समास और आवृत्ति । इसी प्रकार संज्ञा शब्द से विशेषण, विशेषण से संज्ञा, क्रिया से क्रियार्थक संज्ञा, धातु से संज्ञा और विशेषण की रचना भी संभव होती है । आगे इन पर विचार किया जा रहा है ।

सार्थक ध्वनियों या ध्वनिसमूह को 'शब्द' कहते हैं । स्रोत के आधार पर हिन्दी का शब्द भण्डार चार प्रकार के शब्दों से भरा है – (i) तत्सम (ii) तद्भव (iii) देशज (iv) विदेशी ।

**(i)** **तत्सम शब्द** : 'तत्सम' का अर्थ है उसके समान अर्थात् संस्कृत के समान । संस्कृत के जो शब्द हिंदी में ज्यों-वे-त्यों प्रयुक्त होते हैं, उन्हें, 'तत्सम शब्द' कहा जाता है । जैसे – अंधकार, अग्नि, अर्द्ध, अष्ट, अश्रु, आश्चर्य, उज्ज्वल, एकत्र, ओष्ठ, कर्ण, काष्ठ, कूप, क्षेत्र, ग्राम, चूर्ण, जिह्वा, ज्येष्ठ, दन्त, दुग्ध, मयूर, रात्रि, वायु, व्याघ्र, सर्प, हस्त आदि ।

**(ii)** **तद्भव शब्द** : 'तत्' और 'भव' के योग से 'तद्भव' बना है । अर्थात् उससे यानी संस्कृत से उत्पन्न । संस्कृत के जो शब्द पालि, प्राकृत, अपभ्रंश आदि भाषाओं से होते हुए कुछ परिवर्तनों के साथ हिंदी में आए हैं, उन्हें 'तद्भव शब्द' कहते हैं । जैसे – अंधेरा, आग, आधा, आठ, आँसू, अचरज, उजला, इकट्ठा, ओंठ, कान, काठ, कुआँ, खेत, गाँव, चूरा, जीभ, जेठ, दाँत, दूध, मोर, रात, बयार, बाघ, साँप, हाथ आदि ।

**(iii)** **देशज शब्द** : अपने देश के ग्रामीण क्षेत्रों और जनजातियों में व्यवहृत शब्द देशज कहलाते हैं । इनमें आदिवासी भाषाओं, द्रविड़ भाषाओं तथा हिन्दी के अपने ढंग से बनाए गए शब्द होते हैं; जैसे –

**(क) कोल, संथाल आदि भाषाओं से आर्य शब्द –** कदली (केला), कपास, कोड़ी, गज (हाथी), टींडा, तोरी, ताम्बूल, परबल, बाजरा, भिंडी, मिर्च, सरसों ।

**(ख) द्रविड़ भाषाओं से आए शब्द –** ऊखल, कज्जल (काजल), काच, कुटी, कुंड, कुदाल, केतकी, कोण, घुण, चिकना, चंदन, चूड़ी, ताला, दंड, नीर, पिंड, बल, माला, मीन, मुकुट, शव ।

**(ग) हिंदी के अपने बनाए गए शब्द –** अंडबंड, ऊटपटांग, कड़क, किलकारी, खचाखच, खटपट, खर्राटा, खलबली, गड़गड़ाहट, चटपटा, चाट, चिड़चिड़ा, चुटकी, छिछला, झंकार, टुच्चा, धमक, पटाखा, पापड़, भभक, भोंपू, मुस्टंडा, कटकटाना, खटखटाना, खुरचना, घुड़कना, सनसनाना, हिनहिनाना ।

(iv) **विदेशी शब्द :** ये बाहर के देश की भाषाओं के शब्द हैं । ऐसे शब्द विशेष रूप से अरबी, फारसी, तुर्की, अंग्रेजी भाषाओं से हिन्दी में आए हैं । जैसे –

**(क) अरबी शब्द –** अल्लाह, अदालत, इम्तिहान, इरादा, ईद, औरत, किताब, जिला, तहसील, तारीख, बुनियाद, मजहब, मुकदमा, साफ, सिफारिश हलवाई ।

**(ख) फारसी शब्द –** अगर, आराम, आफत, आमदनी, आवारा, आसमान, आईना, कारीगर, कुरता, खुश, गंदा, गवाह, चालाक, जलेबी, जुलाहा, जुकाम, तेज़, दफ्तर, दर्ज़ी, बरामदा, बुखार, बुलबुल, बेकार, मकान, मज़दूरी मुश्किल, मेहनत, समोसा, साल ।

**(ग) तुर्की शब्द –** उर्दू, काबू, कूच, कुली, कैंची, खंजर, गलीचा, चाकू, चेचक, चम्मच, तोप, दरोगा, बहादुर, बारूद, बेगम, लाश, सराय ।

**(घ) पुर्त्तगाली शब्द –** अनायास, आलमारी, आलपीन, कोको, कमीज, गमला, गोभी, गिरजा, चाभी, तौलिया, नीलाम, पपीता, पावरोटी, पेड़ा, पादरी, फालतू, बाल्टी, मेज ।

**(ङ) अंग्रेजी शब्द –** अपील, अस्पताल, ऑफीसर, ऑपरेशन, इंजन, कप, कलक्टर, कॉपी, कॉलेज, केक, कोट, कोर्ट, चाकलेट, जग, जज, जंपर, टैक्स, टॉफी, टोस्ट, ट्रेन, डॉक्टर, ड्रेन, नर्स, पेन्शन, पेन, पेंसिल, पेंटर, पैंट, प्लेट, प्लेटफॉर्म, ब्लाउज, बैग, बूट, बिस्कुट, बैटरी, बस, मोटर, माचिस, मजिस्ट्रेट, लाइब्रेरी, लैंप, वोट, वार्ड, स्कूल, स्टेशन, हैट ।

- **अर्थ के आधार पर शब्द –**

हिन्दी का शब्द-भण्डार निम्न प्रकारों का है –

(i) अनेकार्थी शब्द (ii) समानार्थी (पर्यायवाची) शब्द (iii) विलोम या विपरीतार्थक शब्द (iv) भिन्नार्थक शब्द (v) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द (vi) सूक्ष्म अर्थ भेदवाले शब्द । इनके कुछ उदाहरण दिए जा रहे हैं –

**(i) अनेकार्थी शब्द –**

| **शब्द** | | **अनेक अर्थ** | **शब्द** | | **अनेक अर्थ** |
|---|---|---|---|---|---|
| अंग | – | अवयव, भाग | अंबर | – | आकाश, कपड़ा |
| अक्षर | – | वर्ण, ब्रह्म, नित्य | अकाल | – | दुर्भिक्ष, असमय |
| अपेक्षा | – | आशा, बनिस्बत | आम | – | एक फल, सामान्य |
| कर | – | हाथ, किरण, टैक्स | कुल | – | वंश, सब |
| गुरु | – | आचार्य / शिक्षक, भारी | गोली | – | औषधि, बंदूक की गोली |
| जड़ | – | मूल, मूर्ख, अचेतन | जीवन | – | जल, प्राण |
| दल | – | मण्डली, पंखुड़ी | पक्ष | – | पंख, पन्द्रह दिन, ओर |
| पत्र | – | चिट्ठी, पत्ता | पद | – | पैर, उपाधि, कविता का पद |
| पय | – | दूध, पानी | पृष्ठ | – | पीठ, पन्ना |
| पानी | – | जल, इज्जत, चमक | भूत | – | भूतकाल, प्रेत, प्राणी |
| वर्ण | – | अक्षर, जाति, रंग | सर | – | सिर, तालाब |
| हार | – | फूलों का हार, पराजय | फल | – | पेड़ का फल, नतीजा/परिणाम |
| हल | – | खेती करने का हल, समाधान | | | |

## (ii) समानार्थी (पर्यायवाची) शब्द –

| शब्द | | समान अर्थवाले शब्द |
|---|---|---|
| अग्नि | – | आग, पावक, हुताशन, अनल |
| अंधकार | – | अंधेरा, तिमिर, तम, अंधियारा |
| अमृत | – | अमिय, सुधा, पीयूष |
| असुर | – | दनुज, दानव, दैत्य, निशाचर, राक्षस |
| आँख | – | चक्षु, दृग, नयन, नेत्र, लोचन |
| आकाश | – | अम्बर, आसमान, गगन, व्योम, नभ, अन्तरिक्ष |
| कपड़ा | – | चीर, वसन, दुकूल, पट |
| कमल | – | पंकज, जलज, अरविंद, कमल, पद्म, सरोज |
| किनारा | – | कगार, तट, तीर |
| गर्व | – | अभिमान, अहंकार, घमण्ड, दंभ |
| गणेश | – | गजानन, गणपति, लम्बोदर, विनायक |
| घर | – | आलय, गृह, भवन, निलय, सदन |
| घोड़ा | – | अश्व, घोटक, तुरंग, बाजि, हय |
| चन्द्रमा | – | इंदु, चन्द्र, चाँद, निशाकर, शशांक, शशि, सुधाकर |
| चतुर | – | कुशल, दक्ष, निपुण, पटु, प्रवीण |
| जल | – | अम्बु, उदक, तोय, नीर, पानी, वारि, सलिल, पय |
| दिन | – | दिवस, दिवा, वासर |
| देह | – | काया, तन, शरीर, वदन |
| ध्वजा | – | केतु, पताका, झण्डा, निशान |
| नदी | – | सरिता, तटिनी, तरंगिणी |
| नाव | – | नौका, तरणी |
| पक्षी | – | खग, चिड़िया, विहंग, विहग |
| पत्नी | – | अर्धांगिनी, दारा, भार्या, सहधर्मिणी |
| पत्थर | – | पाषाण, प्रस्तर, उपल |
| पवन | – | मरुत, वायु, समीर, हवा |

| | | |
|---|---|---|
| पर्वत | – | गिरि, नग, पहाड़, शैल |
| पृथ्वी | – | अवनि, धरा, धरती, भू, भूमि, वसुधा, वसुंधरा |
| बगीचा | – | उद्यान, उपवन, वाटिका, फुलवाड़ी |
| बन्दर | – | कपि, वानर, मर्कट |
| बादल | – | घन, जलद, जलधर, नीरद, मेघ, पयोद, वारिद |
| बिजली | – | चपला, तड़ित, दामिनी, सौदामिनी |
| भौंरा | – | अलि, भ्रमर, मधुकर, मधुप |
| मछली | – | मीन, मत्स्य, झस |
| मनुष्य | – | आदमी, इंसान, मनुज, मानव, व्यक्ति |
| महादेव | – | त्रिलोचन, महेश्वर, शंकर, शंभु, शिव, हर |
| मित्र | – | दोस्त, बंधु, सखा, साथी, सुहृद, स्वजन |
| माता | – | माँ, अम्बा, जननी, धात्री |
| राजा | – | नरपति, नरेश, नरेन्द्र, नृप, भूप, भूपाल, सम्राट |
| रात | – | यामिनी, रजनी, रात्रि, विभावरी |
| वन | – | अरण्य, कानन, जंगल, विपिन |
| विष्णु | – | हरि, केशव, नारायण, चतुर्भुज |
| वृक्ष | – | तरु, द्रुम, पादप, पेड़ |
| शत्रु | – | अरि, दुश्मन, रिपु, वैरी |
| संसार | – | जग, जगत, भव, लोक, विश्व |
| समुद्र | – | रत्नाकर, वारिधि, सागर, सिंधु |
| सर्प | – | अहि, नाग, उरग, भुजंग, फणी, साँप, विषधर |
| स्त्री | – | औरत, अबला, नारी, महिला, वनिता, वामा |
| सुगंध | – | खुशबू, महक, सौरभ, सुरभि |
| सूर्य | – | आदित्य, दिनकर, भानु, भास्कर, रवि, दिवाकर, अर्क |
| सोना | – | कनक, कुन्दन, स्वर्ण, हेम |
| हाथी | – | कुंजर, करि, गज, नाग, हस्ती, मतंग |

## (iii) विपरीतार्थक या विलोम शब्द –

| शब्द | | विलोमशब्द | शब्द | | विलोमशब्द |
|---|---|---|---|---|---|
| आस्तिक | – | नास्तिक | सभय | – | निर्भय |
| इच्छा | – | अनिच्छा | यश | – | अपयश |
| कसूर | – | बेकसूर | योग | – | वियोग |
| कानून | – | गैरकानून | रहम | – | बेरहम |
| गुण | – | अवगुण | रुचि | – | अरुचि |
| चाल | – | कुचाल | सत्य | – | असत्य |
| जय | – | पराजय | सम | – | विषम |
| छल | – | निश्छल | स्वस्थ | – | अस्वस्थ |
| पक्ष | – | विपक्ष | हाजिर | – | गैरहाजिर |
| सुपात्र | – | कुपात्र | हिंसा | – | अहिंसा |

**उपसर्गों के परिवर्तन से बननेवाले विलोम शब्द :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अनुकूल | – | प्रतिकूल | कड़ुवा | – | मीठा |
| अपमान | – | सम्मान | संयोग | – | वियोग |
| अवनति | – | उन्नति | सजीव | – | निर्जीव |
| आदान | – | प्रदान | सज्जन | – | दुर्जन |
| खुशबू | – | बदबू | सदय | – | निर्दय |
| दुराचारी | – | सदाचारी | सदाचार | – | दुराचार |
| निरक्षर | – | साक्षर | सरस | – | नीरस |
| परतंत्र | – | स्वतंत्र | सुकर्म | – | कुकर्म/दुष्कर्म |
| विपत्ति | – | संपत्ति | सुगंध | – | दुर्गंध |
| ऊपर | – | नीचे | सुमति | – | कुमति |
| आगे | – | पीछे | सुमार्ग | – | कुमार्ग |
| अंधकार | – | प्रकाश | सुलभ | – | दुर्लभ |
| सूखा | – | गीला | स्वाधीन | – | पराधीन |

**भिन्न शब्दों के प्रयोग से बननेवाले विलोम शब्द :**

| | | |
|---|---|---|
| अच्छाई | – | बुराई |
| अल्पायु | – | दीर्घायु |
| अन्दर | – | बाहर |
| उत्तम | – | अधम |
| उदय | – | अस्त |
| उदार | – | अनुदार/कृपण |
| ऊँचा | – | नीचा |
| एड़ी | – | चोटी |
| ऐच्छिक | – | अनिवार्य |
| कच्चा | – | पक्का |
| कठिन | – | सरल |
| कठोर | – | कोमल |
| खरा | – | खोटा |
| खराब | – | अच्छा |
| गन्दा | – | साफ |
| गरीबी | – | अमीरी |
| गलत | – | सही |
| छाँह | – | धूप |
| जंगम | – | स्थावर |
| जड़ | – | चेतन |
| ठण्डा | – | गर्म |
| थोड़ा | – | बहुत |
| दक्षिण | – | उत्तर |
| दरिद्र | – | धनी |
| दु:ख | – | सुख |
| देव | – | दानव |
| दोष | – | गुण |
| नफा | – | नुकसान |
| नवीन | – | प्राचीन |
| निकास | – | प्रवेश |
| निर्यात | – | आयात |
| पाप | – | पुण्य |
| बाढ़ | – | सूखा |
| भावी | – | भूत |
| भिन्न | – | अभिन्न |
| लाभ | – | हानि |
| विधि | – | निषेध |
| सीधा | – | टेढ़ा |
| हार | – | जीत |

**(iv) भिन्नार्थक शब्द –**

प्राय: एक शब्द को थोड़े भिन्न हिज्जे में लिखने से उनमें अर्थ का अन्तर हो जाता है। ऐसे शब्दों की एक सूची नीचे दी जा रही है –

| शब्द | | अर्थ | शब्द | | अर्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| अगम | – | दुर्गम | आसन | – | बैठने का आधार |
| आगम | – | शास्त्र | आकर | – | भण्डार |
| अचल | – | पर्वत | आकार | – | रूप, ढाँचा |
| अचला | – | पृथ्वी | आदि | – | बगैरह |
| अनल | – | आग | आदी | – | अभ्यस्त |
| अनिल | – | हवा | आवास | – | रहने का स्थान |
| अन्न | – | अनाज | आभास | – | झलक |
| अन्य | – | दूसरा | इत्र | – | सुगंधित द्रव |
| अपेक्षा | – | आशा, तुलना में | इतर | – | भिन्न |
| उपेक्षा | – | निरादर | उधार | – | ऋण |
| अमित | – | बहुत | उद्धार | – | छुटकारा |
| अमीत | – | शत्रु | उन | – | 'वह' का विकारी रूप |
| अलि | – | भौंरा | ऊन | – | न्यून / भेड़ के बाल |
| अली | – | सखी | उपल | – | पत्थर |
| अवधि | – | समय | उपला | – | गोबर का कण्डा |
| अवधी | – | एक भाषा | कर्ण | – | कान / त्रिभुज का कर्ण |
| अवलम्ब | – | सहारा | करण | – | साधन, एक कारक |
| अविलम्ब | – | शीघ्र | कलि | – | कलियुग |
| अवश | – | लाचार | कली | – | अधखिला फूल |
| अवश्य | – | जरूर | कांति | – | चमक |
| अशन | – | भोजन | क्रांति | – | विद्रोह, परिवर्तन |

| शब्द | | अर्थ | शब्द | | अर्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| कोर | – | किनारा | ज़गत | – | कुएँ का चबूतरा |
| कौर | – | ग्रास | जरा | – | बुढ़ापा |
| कुल | – | वंश | ज़रा | – | थोड़ा |
| कूल | – | किनारा | जलद | – | बादल |
| कृति | – | रचना | जलज | – | कमल |
| कृती | – | निपुण | तरंग | – | लहर |
| कृपाण | – | कटार | तुरंग | – | घोड़ा |
| कृपण | – | कंजूस | तरणि | – | सूर्य |
| कृष्ण | – | काला / श्रीकृष्ण | तरणी | – | नाव |
| कृष्णा | – | द्रौपदी | तीस | – | तीस की संख्या |
| कोश | – | शब्दकोश | टीस | – | कसक/पीड़ा |
| कोष | – | खजाना | दारु | – | लकड़ी |
| क्षत्र | – | क्षत्रिय | दारू | – | शराब |
| छत्र | – | छाता | दिन | – | दिवस |
| खिल | – | परती जमीन | दीन | – | गरीब |
| खील | – | लावा | द्विप | – | हाथी |
| चिता | – | शव जलाने की चिता | द्वीप | – | टापू (पानी के बीच) |
| चीता | – | एक जंगली जानवर | दिया | – | देना क्रिया का रूप |
| चिर | – | सदा | दीया | – | दीपक |
| चीर | – | कपड़ा | धुल | – | धुलना क्रिया का रूप |
| चुना | – | चुना हुआ | धूल | – | रज |
| चूना | – | सीप से प्रयुक्त क्षार | नियत | – | निश्चित |
| चेन | – | जंजीर | नीयत | – | स्वभाव / इरादा |
| चैन | – | आराम | नीरज | – | कमल |
| जगत | – | संसार | नीरद | – | बादल |

| शब्द | | अर्थ |
|---|---|---|
| निशान | – | चिह्न |
| निसान | – | झण्डा |
| नेति | – | न इति, जिसका अंत नहीं है |
| नेती | – | मथानी की रस्सी |
| परिच्छद | – | पोषाक |
| परिच्छेद | – | अध्याय |
| परिमाण | – | मात्रा |
| परिणाम | – | नतीजा |
| पवन | – | वायु |
| पावन | – | पवित्र |
| पानी | – | जल |
| पाणि | – | हाथ |
| पाश | – | बंधन |
| पास | – | नजदीक |
| प्रवाह | – | बहाव |
| परवाह | – | चिन्ता |
| प्रसाद | – | कृपा |
| प्रासाद | – | महल |
| प्रहार | – | आघात |
| परिहार | – | त्याग |
| पिता | – | बाप |
| पीता | – | ‘पी’ धातु / क्रिया का रूप |
| फुट | – | नापने की इकाई |

| शब्द | | अर्थ |
|---|---|---|
| फूट | – | बैर, एक फल |
| फाका | – | अनाहार |
| फाँका | – | फाँकने की क्रिया |
| फलाँ | – | अमुक |
| फलाँग | – | छलाँग |
| बदन | – | शरीर |
| वदन | – | मुख |
| बन | – | ‘बनना’ क्रिया का रूप |
| वन | – | जंगल |
| बहन | – | भगिनी |
| वहन | – | ढोना |
| बात | – | वचन |
| वात | – | हवा |
| बार | – | दफा |
| वार | – | चोट, सप्ताह के वार। (सोम, मंगल आदि) |
| बारिश | – | वर्षा |
| वारीश | – | समुद्र |
| बोना | – | बिखेरना |
| बौना | – | छोटा, ठिगने कद का |
| भिड़ | – | बर्रे |
| भीड़ | – | समूह |
| मिल | – | ‘मिलना’ क्रिया का रूप |
| मील | – | रास्ते का नाप |

| शब्द | | अर्थ |
|---|---|---|
| मेल | – | मिलन |
| मैल | – | मल, गन्दगी |
| मोर | – | मयूर पक्षी |
| मौर | – | मुकुट |
| रग़ | – | नस |
| रंग | – | वर्ण |
| राज | – | शासन |
| राज़ | – | रहस्य |
| लक्ष | – | लाख |
| लक्ष्य | – | उद्देश्य |
| विश | – | कमल का डण्ठल |
| विष | – | ज़हर |
| विषमय | – | ज़हरीला |
| विस्मय | – | आश्चर्य |
| शंकर | – | शिव |
| संकर | – | मिश्रित |
| शील | – | चरित्र |
| शिल | – | शिला |
| शिवा | – | शिव की पत्नी पार्वती |
| शीवा | – | अजगर |
| शोक | – | मन की पीड़ा |
| शौक | – | व्यसन |
| शुचि | – | पवित्र |
| सूची | – | सूई, विषयक्रम |

| शब्द | | अर्थ |
|---|---|---|
| शत्रु | – | दुश्मन |
| सत्र | – | वर्ष, निश्चित समय |
| शर | – | बाण |
| सर | – | सिर, तालाब |
| शस्त्र | – | हथियार |
| शास्त्र | – | सिद्धांत ग्रन्थ |
| शाला | – | घर |
| साला | – | पत्नी का भाई |
| शुल्क | – | फीस, टैक्स |
| शुक्ल | – | सफेद, उज्ज्वल |
| शीशा | – | काँच |
| सीसा | – | एक धातु |
| शुकर | – | सूअर (एक जानवर) |
| सुकर | – | आसानी से होनेवाला |
| सूर | – | सूर्य |
| सुर | – | देवता |
| समान | – | बराबर, तरह |
| सामान | – | सामग्री |
| सास | – | पति या पत्नी की माँ |
| साँस | – | नाक से हवा लेना-छोड़ना |
| सुत | – | बेटा |
| सूत | – | धागा, सारथी |
| सुधि | – | स्मरण |
| सुधी | – | विद्वान |

| शब्द | | अर्थ | शब्द | | अर्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| सुख | – | आनन्द | हरी | – | हरे रंग की |
| सूखा | – | अकाल | हल् | – | एक मात्रा |
| सेर | – | एक तौल | हल | – | खेत जोतने का औजार |
| सैर | – | भ्रमण, घूमना | हँसी | – | हँसने की क्रिया |
| हरि | – | विष्णु | हंसी | – | मादा हंस (एक पक्षी) |

**(v) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द –**

| अनेक शब्दों में | | एक शब्द |
|---|---|---|
| पहले जन्म लेनेवाला | – | अग्रज |
| जिसके समान कोई दूसरा न हो | – | अद्वितीय |
| जिसे टाला न जा सके | – | अनिवार्य |
| जो पढ़ा-लिखा न हो | – | अनपढ़ |
| जिसके माता-पिता न हों | – | अनाथ |
| पीछे / बाद में जन्म लेनेवाला | – | अनुज |
| जिसकी उपमा न हो | – | अनुपम |
| जो कभी नहीं मरता | – | अमर |
| जिसका वर्णन न किया जा सके | – | अवर्णनीय |
| जो अवश्य हो | – | अवश्यम्भावी |
| जिसका विश्वास न किया जा सके | – | अविश्वसनीय |
| जो ईश्वर को मानता हो | – | आस्तिक |
| जो बाद में पाने का अधिकारी बने | – | उत्तराधिकारी |

| | | |
|---|---|---|
| जो काम से जी चुराता हो | – | कामचोर |
| जो किए गए उपकार को माने | – | कृतज्ञ |
| जो किए गए उपकार को न माने | – | कृतघ्न |
| गुप्त रखने योग्य | – | गोपनीय |
| घर से संबंधित | – | घरेलू |
| दूसरे की निंदा करनेवाला | – | निन्दक |

**(vi) ध्वनिबोधक शब्द –**

**(क) प्राणियों की ध्वनि के आधार पर :**

| **प्राणी** | | **ध्वनि** | **प्राणी** | | **ध्वनि** |
|---|---|---|---|---|---|
| कौआ | – | काँव काँव करना | हाथी | – | चिंघाड़ना |
| बंदर | – | किकियाना | चूहा | – | चूँ चूँ करना |
| मुर्गा | – | कुकड़ू कूँ करना | झींगुर | – | झंकारना |
| मोर | – | कुहकना/केंकना | मेंढक | – | टर्र टर्र करना |
| कोयल | – | कूकना | तोता | – | टें-टें करना |
| हंस | – | कूजना | साँड़ | – | डकारना |
| भालू | – | खों-खों करना | शेर | – | दहाड़ना |
| भौंरा | – | गुंजारना | पपीहा | – | पी-पी करना |
| कबूतर | – | गुटर गूँ करना | साँप | – | फुफकारना |
| बाघ | – | गुर्राना | ऊंट | – | बलबलाना |
| उल्लू | – | घुघुआना | कीड़े | – | बिलबिलाना |
| चिड़िया | – | चहचहाना | मक्खियाँ | – | भिनभिनाना |

| प्राणी | | ध्वनि | प्राणी | | ध्वनि |
|---|---|---|---|---|---|
| कुत्ता | – | भौंकना | गधा | – | रेंकना |
| बकरी/भेड़ | – | मिमियाना | घोड़ा | – | हिनहिनाता |
| बिल्ली | – | म्याऊँ-म्याऊँ करना | सियार | – | हुआ हुआ करना |
| गाय | – | रँभाना | | | |

**(ख) वस्तुओं की ध्वनि के आधार पर :**

| वस्तु | | ध्वनि | वस्तु | | ध्वनि |
|---|---|---|---|---|---|
| दाँत | – | कटकटाना | जूते | – | चरमराना |
| दरवाजा | – | खटखटाना | झरना | – | झर-झर करना |
| पत्ता | – | खड़खड़ाना | घड़ी | – | टिक् टिक् करना |
| चूड़ियाँ | – | खनखनाना | बरतन | – | ठनठनाना |
| बादल | – | गड़गड़ाना/ घुमडना/ गरजना | बंदूक | – | दनदनाना |
| पायल | – | छनछनाना | दिल | – | धड़कना |
| लकड़ी | – | चटचटाना | पीठ | – | थपथपाना |
| पंख | – | फड़फड़ाना | हवा | – | सनसनाना |

**(ग) दृश्य के अनुकरण के आधार पर :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बिजली | – | चमकना | नाव | – | डगमगाना |
| धूप | – | चिलचिलाना | जीभ | – | लपलपाना |
| तारे | – | झिलमिलाना | खेत | – | लहलहाना |
| दीपक | – | टिमटिमाना | | | |